वीयू – कुलपति द्वारा फार्म फ्रेश उत्पाद विक्रय केन्द्र का जायजा लिया गया

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी जी की पहल से जबलपुर नगरवासियों हेतु सेहत वर्धक पशु धन उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में 5 दुकानो को खोला गया है। इन नवनिर्मित दुकानों का जायजा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी ने आज लिया। इन दुकानो को संचालित करने का उद्देश्य नगरवासियों को विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पशु धन उत्पाद उपलब्ध कराना है। जिससे फार्म फ्रेश उत्पाद जैसे खालिस उच्च गुणवत्ता का दूध जो कि मिल्क वेंडिंग मशीन से दिया जायेगा, यह एक ए टी एम मशीन जैसा कार्य करती है, विभिन्न प्रकार की मुर्गी के अंडे, चिकिन, मछली आदि आमजन को आसानी से मिल सके, साथ ही इन स्थानों से पशु धन मूल्य वर्धित उत्पाद जैसे पनीर, घी, खोवा, पंचगव्य उत्पाद जैसे हवन टिकिया, मच्छर मार कुंडलियां, गो कास्ट, गोनाइल, गोबर के गमले, गोबर के दीये,पशुओ के स्वास्थ्य तथा अच्छे विकास के लिए वैज्ञानिकों द्वारा तैयार मिनरल मिश्रण, ताज़ी विभिन्न प्रकार की मछली, रंगीन मछली जलशाला, मछली का दाना, मछली का अचार, मछली के कटलेट, मछली के मोमोज, सूखी हुई मछलियां फ्रोजन मछली आदि विक्रय हेतु उपलब्ध हैं।

कुलपति महोदय ने सभी विक्रय केन्द्र में उपलब्ध सभी उत्पादों को देखा, साथ ही निर्देशित किया की विक्रय हेतु उपलब्ध सभी पदार्थों की गुणवत्ता नियमित रूप से बेहतर बनाने के लिए सतत प्रयासरत रहें, ताकि उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर बेहतर क्वालिटी के उत्पाद आसानी से प्राप्त हो सके।

इस दौरान कुलसचिव डॉ श्रीकांत जोशी, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर डॉ. शशिकांत महाजन, संपदा अधिकारी डॉ कारमोरे, डॉ पी.के सिंह, डॉ गिर्राज गोयल, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, डॉ राहुल शर्मा तथा संबंधित विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर